MR. CHAIRMAN : Now, we will take up "Zero Hour". Shri Purnmasi Ram. Is he there?

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): सभापति महोदय, बिहार राज्य विद्युत आपूर्ति की गंभीर कमी से जूझ रहा है। इस कमी से बिहार के सर्वांगीण विकास में बड़ी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। बिहार विभाजन के उपरांत प्रदेश में विद्युत उत्पादन नगण्य हो गया। प्रदेश को अपनी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सेंट्रल सेक्टर पर निर्भर होना पड़ता है। सेंट्रल सेक्टर से मात्र 1550 मेगावाट विद्युत आपूर्ति का आबंटन होना है, जब कि वास्तविक उपलब्धता मात्र 900 से 1000 मेगावाट की ही है। ऐसी स्थिति में प्रदेश को स्वाभाविक रूप से गंभीर बिजली संकट से गुजरना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में सेंट्रल सेक्टर से अतिरिक्त बिजली आपूर्ति होना अतिआवश्यक है। प्रदेश बिजली से संबंधित एक और मामले में गंभीर एवं चिन्तनीय स्थिति से रू-ब-रू हो रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना के लागू हुए वर्षों बीत जाने के बावजूद बिहार में इस योजना का क्रियान्वयन नगण्य है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र गोपालगंज की स्थिति अत्यंत निराशाजनक है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि बिहार को बिजली संकट से निजात दिलाने के मद्देनज़र सेंट्रल सेक्टर से अतिरिक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत योजना के त्वरित क्रियान्वयन हेतु ठोस एवं समुचित कार्रवाई कराने का कष्ट किया जाए।

<u>18.44 hrs.</u>

(Shrimati Sumitra Mahajan *in the chair)*